दिन– बुधवार दिनांक– 13 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के नाम पर बिहार को बदनाम करना उचित नहीं है। एसआईआर को मतदाताओं के हित में बताया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने जे.पी सेनानियों की पेंशन राशि दोगुनी की। बेगूसराय, पटना, गोपालगंज, सीवान और सहरसा जिले में नए औद्योगिक क्षेत्र के गठन के प्रस्ताव को भी दी गई मंजूरी।

03. पटना, भागलपुर और मुंगेर समेत दस जिलों की तीस लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों से हो रही है झमाझम बारिश। खगड़िया में रिकॉर्ड दो सौ छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के नाम पर बिहार को बदनाम करना उचित नहीं है। न्यायालय ने एसआईआर को मतदाताओं के हित में बताते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया का एक मात्र उद्‌देश्य मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाना है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर में मतदाताओं से ग्यारह में से कोई एक दस्तावेज मांगे गए थे। दस्तावेजों की संख्या मतदाताओं के अनुकूल है और इसकी सूची सरकारी विभागों के फीडबैक के आधार पर बनायी गई थी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील के उस दलील पर आपत्ति जताई जिसमें कहा गया था कि राज्य में एक से दो प्रतिशत लोगों के पास ही आवासीय प्रमाण पत्र है। पीठ ने कहा कि बिहार को इस तरह पेश नहीं करना चाहिए। राज्य में छत्तीस लाखा लोगों के पास पासपोर्ट है, जिसे अच्छी संख्या कहा जा सकता है। साथ ही पीठ ने बिहार के लोगों को संजीदा और पढ़ा–लिखा बताया। न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में बिहार के लोगों का दबदबा है, उन्हें बदनाम करना सही नहीं है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत तेरह दिनों के बाद भी किसी भी राजनीतिक दल ने मतदाता सूची के प्रारूप पर

दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करायी है। आम मतदाताओं की ओर से सत्रह हजार छह सौ पैंसठ दावा–आपत्ति दर्ज करायी गयी है। इसमें चार सौ चौवन का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं, चौहत्तर हजार पांच सौ पच्चीस लोगों ने मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए अपना आवेदन जमा करवाया है।

---

निर्वाचन आयोग ने मुजफ्फरपुर की मेयर निर्मला देवी का नाम एक विधानसभा क्षेत्र के दो बूथों पर होने के मामले में उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक उन्हें अपना जबाव देने का निर्देश दिया है।

---

केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि एसआईआर एक संवैधानिक प्रक्रिया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर एसआईआर के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने जे.पी सेनानियों की पेंशन राशि दोगुनी कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए आंदोलन के समय छह महीने तक जेल में बंद रहने वाले सेनानियों को अब साढ़े सात हजार रूपये की जगह पन्द्रह हजार रूपये पेंशन मिलेगी। वहीं, छह महीने से अधिक की अवधि तक जेल में रहने वाले सेनानियों को पन्द्रह हजार रूपये की जगह तीस हजार रूपये पेंशन मिलेगी।

–––बाइट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ का पारिश्रमिक दस हजार रूपये से बढ़ाकर चौदह हजार रूपये और बीएलओ सुपरवाईजर का पारिश्रमिक पन्द्रह हजार रूपये से बढ़ाकर अठारह हजार रूपये करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बेगूसराय, पटना, गोपालगंज, सीवान और सहरसा जिले में नए औद्योगिक क्षेत्र के गठन के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही कैबिनेट ने अमृतसर–कोलकता कॉरिडोर परियोजना के तहत एक हजार तीन सौ एकड़ जमीन के अधिग्रहण के लिए चार अरब सोलह करोड़ रूपये मंजूर किए हैं।

———बाइट———

---

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

———बाइट———

पटना में भाजपा की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ट भारत की कल्पना को साकार करना है।

———बाइट———

जहानाबाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। सारण, नवादा, किशनगंज और कैमूर समेत अन्य जिलों में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

———बाइट———

---

प्रवर्त्तन निदेशालय की टीम मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड के विष्णुपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया बबीता कुमारी के घर पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब तस्करी से अर्जित काले धन के मामले में यह कार्रवाई की गई। मुखिया के पति और देवर पर शराब तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। इन पर शराब के अवैध धंधे से करोड़ों रूपये की चल अचल संपत्ति बनाने का आरोप है।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों से बारिश का सिलसिला जारी है। खगड़िया में रिकॉर्ड दो सौ छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, मानसी में एक सौ अट्ठासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। पटना में भी मूसलाधार बारिश हुई है। इधर, मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में अति भारी बारिश की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---बाइट---

---

पटना, मुंगेर, भागलपुर समेत प्रदेश के दस जिलों के चौवन प्रखंडों की तीन सौ अड़तालीस पंचायतों की तीस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। श्री कुमार ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने तथा बाढ़ प्रभावितों के बीच अनुग्रह राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने फसलों को हुई क्षति को लेकर किसानों के बीच सहायता राशि का भुगतान करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि जिले में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है।

———बाइट———

भागलपुर में इस्माईलपुर–बिंदटोली तटबंध पर आई दरार के बाद दर्जनों गांव गंगा नदी में समा गए। तीन हजार से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। तटबंध के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। पटना, पूर्णियां और किशनगंज से पहुंची छह सदस्यीय टीम मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। इधर, भागलपुर के शहरी इलाकों में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है। वार्ड संख्या एक, दो, नौ और दस के निचले इलाकें बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया कि आज हुई मूसलाधार बारिश के बाढ़ प्रभावितों की स्थिति और खराब हो गई है।

———बाइट———

लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ पीड़ितों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जिले के परबत्ता, गोगरी, मानसी, चौथम, बेलदौर और खगड़िया प्रखंड की बीस से अधिक पंचायतों की लगभग दो लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्थित पैंसठ विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों को बीस अगस्त तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। इधर, जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी है। प्रभावित क्षेत्रों में अट्ठाईस सामुदायिक रसोईघर संचालित किए जा रहे हैं। वहीं, एक सौ पांच नाव का भी परिचालन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया कि गंगा, कोसी, बरंडी और कारीकोसी नदियों के जल स्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———बाइट———

जिले के कुर्सेला, बरारी मनिहारी, अमदाबाद, मनसाही, और प्राणपुर अंचल के चौवन पंचायतों की लगभग छह लाख से ज्यादा की आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। नए इलाकों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश करने लगा है। प्रभावित प्रखंडों के 111 विद्यालयों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है, इससे इन विद्यालयों में पठन–पाठन ठप है। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी धान की फसल डूब गई है। कई जगहों पर सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इधर, बाढ़ पीड़ितों के लिए एक सौ दस से अधिक सामुदयिक किचन चलाए जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से मुकेश कुमार चौधरी।

बेगूसराय जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। जिले के आठ प्रखंडों की चौंतीस पंचायतों के एक सौ सत्तासी गांव बाढ़ की चपेट में हैं। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुंगेर सदर, जमालपुर ,खड़गपुर ,बरियारपुर और धरहरा प्रखंड के 253 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इधर, पटना में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। पटना सदर, दानापुर, अथमलगोला, बाढ़, दनियावां और मोकामा प्रखंड के अट्ठहत्तर गांव बाढ़ की चपेट में हैं। भोजपुर, सारण, लखीसराय और वैशाली जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के नाम पर बिहार को बदनाम करना उचित नहीं है। एसआईआर को मतदाताओं के हित में बताया।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने जे.पी सेनानियों की पेंशन राशि दोगुनी की। बेगूसराय, पटना, गोपालगंज, सीवान और सहरसा जिले में नए औद्योगिक क्षेत्र के गठन के प्रस्ताव को भी दी गई मंजूरी।

03. पटना, भागलपुर और मुंगेर समेत दस जिलों की तीस लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की।

04. और, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों से हो रही है झमाझमा बारिश। खगड़िया में रिकॉर्ड दो सौ छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

---

समाप्त